एक नजर में

आबकारी विभाग की कार्रवाई, 9 प्रकरण दर्ज

राजगढ़ 07 नवम्बर, का. जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में विभागीय टीम द्वारा संदिग्ध स्थलों, होटल एवं ढाबों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई. इस दौरान ग्राम लश्करपुर, तारागंज सारंगपुर, सोमवारिया पुल के नीचे एवं लोधीपुरा सहित अन्य स्थानों पर कुल 9 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए. कार्रवाई के दौरान लगभग 30.16 बल्क लीटर मदिरा विधिवत जब्त कर आबकारी विभाग द्वारा अपने कब्जे में ली गई तथा प्रकरणों में विवेचना की जा रही है.

7.2 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

नरसिंहगढ़ 07 नवंबर, सं. पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ स्मैक तस्कर पर कार्यवाही कर 02 आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 7.2 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक 72 हजार रुपये जप्त किया है. मुखबिर सूचना प्राप्त हुई के बोडा रोड ग्राम छोटा बैरसिया कृष्णा पाइप फैक्ट्री के पास एक व्यक्ति एवं एक महिला अवैध मादक पदार्थ खरीद बेच रहे हैं सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश पिता नारायण कुशबाहा उम्र 42 साल निवासी बड़ा महादेव के नीचे नरसिंहगढ़ महक पति अर्जुन सिसोदिया उम्र 21 बर्ष निवासी हुलखे?ी को मौके पर पकड़ा व आरोपियों के कब्जे से 7.2 ग्राम अवैध मादक स्मैक कीमती 72 हजार रुपए जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया व आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया.

गांजा तस्कर को पकड़ा

पचोर 07 नवम्बर,सं. पचोर पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए 6 किलो 278 ग्राम गांजा जब्त किया है. जब्त गांजे की कीमत करीब 90 हजार रुपए बताई गई है. पुलिस ने मुखबिर की सूचना परे जगदीश दास पिता रामदास बैरागी निवासी आगर मालवा को उदनखेड़ी के पास चेकिंग के दौरान पकड़ा. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 6 किलो 278 ग्राम गांजा बरामद हुआ.

ट्रैफिक व्यवस्था : मशक्कत में निकला दिन

सुबह से दुरूस्त नजर आई व्यवस्था, बैरिकेटिंग के साथ चारपहिया का प्रवेश रोका

ट्रायल से गुजरने वाली टैफिक व्यवस्था के लिए आज बड़ी चुनौती, पुलिस मुस्तैद





नवभारत न्यूज

ब्यावरा 07 नवंबर, का. धनतेरस से बाजार में अच्छी ग्राहकी शुरु हो गई, वहीं दूसरे दिन कहीं अधिक बाजार में ग्राहकी रही. शनिवार को दीपावली पूर्व बाजार में जमकर खरीददारी हुई. सभी प्रकार के सामानों की खरीदी हुई.

गौरतलब है कि धनतेरस से बाजार में अच्छी ग्राहकी रही. जबकि शनिवार को इससे भी कहीं अधिक ग्राहकी रही. सभी तरह के सामान की बिक्री हुई. दुकानों पर भीड़ नजर आयी. बर्तन, कपड़े, आभूषण, साज-सज्जा की सामग्रियों सहित अन्य सामान की दुकानों पर भीड़ देखी गई.

निकलने को नहीं मिली जगह - शनिवार को मैन मार्केट में भारी भीड़ रही. दोपहर के समय तो पैदल निकलने तक की जगह नहीं मिली. गांधी चौक, भरथरे चौक, मैन मार्केट्र सुठालिया रोड, पुराना नपा कार्यालय, सुभाष चौक, राजगढ़ रोड, पीपल चौराहा, पुराना ए.बी.रोड पर काफी भीड़भाड़ रही. पीपल चौराहा से लेकर सुभाष चौक तक पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था.

जाम की स्थिति बनती रही

भीड़भाड़ के बीच अनेक जगह पर दिन भर जाम की स्थिति बनती रही. राजगढ़ रोड, पीपल चौराहा, नपा कॉम्पलेक्स के सामने, सुठालिया रोड, मैन मार्केट आदि जगहों पर जाम में अनेक वाहन फंसे रहे. दुपहिया वाहन एवं पैदल आना-जाना भी मुश्किल हो रहा था. राजगढ़ रोड पर सब्जी मंडी से कैनरा बैंक के यहां तक जाम लगता रहा.

परेशानी से हुआ सामना

धनतेरस, दीपावली जैसे त्यौहार के समय बाजार में भारी भीड़ रहती है. बावजूद इसके अव्यवस्थाएं हावी रही. धनतेरस एवं रविवार को बाजार में भारी भीड़ के समय अव्यवस्थाएं देखने को मिली. मैन मार्केट में जहां अधिक भीड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था वहां कई दुपहिया वाहन, हाथ ठेले बेतरतीब तरीके से नजर आये. जिससे नागरिकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा. त्यौहार के समय दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं आभूषणों की भी अच्छी बिक्री हो रही है.

बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत



नवभारत न्यूज

सारंगपुर 07 नवम्बर, सं. सारंगपुर सब्जी मंडी से फूल की पोटली लेकर गांव लौट रहे 22 वर्षीय युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. चतुरुखेड़ी के पास नेशनल हाईवे पर हुए हादसे में युवक की मौत हो गई. शनिवार दोपहर करीब 12 बजे अभिषेक पुष्पद पिता घनश्याम पुष्पद, निवासी उदनखेड़ी, बाइक से अपने गांव जा रहे थे. टक्कर लगने से वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए. मौके पर राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई. इसी दौरान बस चालक घनश्याम पुष्पद पचोर से सारंगपुर की ओर जा रहे थे. घटनास्थल पर भीड़ देखकर उन्होंने बस रोकी. खून से लथपथ युवक को देखा तो पहचान लिया कि वह उनका बेटा अभिषेक है. घनश्याम ने बस यात्रियों की मदद से अभिषेक को बस से सिविल अस्पताल सारंगपुर ले गए. डॉक्टरों ने जांच और इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

खड़े ट्रक में घुसा कंटेनर, केबिन में फंसा चालक

ब्यावरा 07 नवंबर, का. नेशनल हाईवे-52 पर सड़क किनारे बिना किसी संकेतक के खड़ा पंचर ट्रक दूसरे वाहन के लिए हादसे की का कारण बन गया. दूधी गांव के पास वासु होटल के सामने पीछे से आ रहा कंटेनर ट्रक में जा घुसा. टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें फंस गया. मौके पर पहुंची करनवास पुलिस ने जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद चालक को निकाला जा सका.हादसे में चालक और क्लीनर घायल हो गए. करनवास थाना प्रभारी संगीता शर्मा के अनुसार घटना शुक्रवार सुबह 11 बजे की है।ट्रक पंचर होने के कारण सड़क पर खड़ा था. आरोप है कि चालक ने ट्रक खड़ा करते समय कोई संकेतक या चेतावनी चिह्न नहीं लगाया था. इसी दौरान मुंबई से लखनऊ जा रहा एचआर 55 एजे 2054 नंबर का कंटेनर पीछे से ट्रक में टकरा गया.

बाजार में खरीदारी करने पहुंचे राज्यमंत्री



नवभारत न्यूज

सारंगपुर 07 नवंबर, सं. राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दीपावली के अवसर पर सारंगपुर के बाजार पहुंचकर परिवार की आवश्यकताओं के लिए दिये की खरीदारी की. उन्होंने बाजार में व्यापारियों एवं आमजन, नागरिकों से आत्मीय संवाद भी किया.

उन्होंने कहा कि धनतेरस और दीपावली पर स्थानीय बाजारों से खरीदारी करना हमारे छोटे एवं स्थानीय व्यापारियों को प्रोत्साहन देने का एक अच्छा माध्यम है. राज्यमंत्री कृषि उपज मंडी में लगी पटाखों की दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटाखा दुकानों पर अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, दुकानों के बीच निर्धारित दूरी, आवागमन, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का पूरी गंभीरता से पालन सुनिश्चित कराया जाए. मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि त्योहारों की खुशियां तभी सार्थक हैं, जब प्रत्येक नागरिक सुरक्षित वातावरण में उनका आनंद ले सके। हमारी सरकार की प्राथमिकता जनसुविधा, जनसुरक्षा और व्यापारियों के हितों का संरक्षण है.

तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

सारंगपुर 07 नवंबर, सं. शनिवार को मऊ गांव के पास नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी. मणिशंकर को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया. जानकारी के मुताबिक, गुजरात से अपने गांव प्रयागराज जा रहे अमन (20) और मणिशंकर (22) बाइक से सफर कर रहे थे. मऊ गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. अमन, पिता शुभनारायण, प्रयागराज के रहने वाले हैं. मणिशंकर के पिता का नाम रामकुमार है. मणिशंकर की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे शाजापुर जिला अस्पताल भेजा गया. अमन का इलाज सारंगपुर में किया गया.

धनतेरस पर दीप उत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

तलेन 07 नवंबर, सं. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तलेन सेवा केंद्र के तत्वाधान में आज धनतेरस के पावन अवसर पर दीपावली पर्व को दीप उत्सव के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया. कार्यक्रम का आयोजन इस अवसर पर माँ लक्ष्मी की मनमोहक और दिव्य झांकी सजाई गई, जिसे एक छोटी कन्या ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया. लाल वस्त्रों में सजी, हाथों में कमल और कलश लिए माँ लक्ष्मी



की झांकी ने सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम में सभी का पीले दुपट्टे पहनाकर सम्मान किया गया. पूरा सेवा केंद्र दीपों, फूलों और रंगोली से सजाया गया था. सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने अपने शुभ वचनों में कहा कि दीपावली केवल बाहर के दीप जलाने का त्योहार नहीं, बल्कि अपने भीतर के दीप को जगाने का त्योहार है. लक्ष्मी जी धन की देवी नहीं, बल्कि पवित्रता, शांति और संस्कारों की देवी हैं. जहाँ पवित्रता है, वहीं सच्ची लक्ष्मी का वास है. कार्यक्रम में सत्यनारायण झाला नगर पालिका, ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, बीके देव दीदी, चंद्र सिंह यादव, लाड सिंह ठेकेदार, कैलाश मोहन यादव, श्याम भट्टार व्यापारी, अशोक महेश्वरी, अशोक पवार एवं अन्य उपस्थित रहे.

एसबीआई ने ग्राहकों को वितरण किए नए नोट

नवभारत न्यूज


सारंगपुर 08 नवंबर, सं. महालक्ष्मी के दरबार में इस बार पुराने नहीं, नए नोटों की चमक बिखरेगी. लक्ष्मी पूजन की थाली में 10, 20 और 50 रुपए के नए नोट सजाने की श्रद्धालुओं की आस आखिरकार पूरी हो गई है. छोटे नोटों की किल्लत को लेकर ग्राहक काफी परेशान थे.



दीपावली पर्व पर नए नोट के लिए आम जनों में उत्साह भी रहता है जिसके चलते भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए शनिवार को पुराने एबी रोड़ पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा में 200 से अधिक ग्राहकों को नए नोटों की गड्डियां वितरित की गई.

दीपावली पर नई करेंसी की खनक सुनाई देगी -दरअसल, दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन में नई करेंसी की गड्डियां रखने की परंपरा है. इस बार बाजार में 5 से 50 रुपए तक के नए नोट आसानी से नहीं मिल रहे थे.

भारतीय स्टेट बैंक सर्विस मैनेजर अभिषेक शर्मा ने बताया कि हमने तीन दिनों से अपने ग्राहकों को नए नोट का वितरण कर रहे हैं. वही रोकड़ अधिकारी बृजेंद्र दिवाकर ने कहा की शनिवार को 100 से अधिक ग्राहकों को अलग-अलग मूल्यवर्ग के नए नोटों के पैकेट दिए. कमल पाटीदार ने भी ग्राहकों को सुविधा अनुसार नए नोट उपलब्ध कराये. बड़ी संख्या में पहुंचे लोग नए नोट की खबर जैसे ही नगर में फैली तो बड़ी संख्या में भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक नए नोट लेने के उत्साह देखने को मिला बैंक प्रबंधक मयूर कुमार नें बताया की नए नोट भारतीय स्टेट बैंक जो शाखा सारंगपुर में खाता धारक है उन्हें नोट का वितरण किया गया.



कटोती ब्यावरा सिविल अस्पताल का मामला, पूरी हाजिरी के बाद काटा वेतन

सफाई कर्मियों के वेतन में कटौती पर आक्रोश

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 07 नवंबर, का. दीपावली पर हर कर्मचारी को अपने परिवार के साथ खुशियां मनाने और त्योहार की तैयारियां करने के लिए वेतन का इंतजार रहता है. वहीं शहर के अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा. खाते में उम्मीद से कम वेतन पहुंचने के बाद सफाई कर्मचारियों में नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया. और अस्पताल प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर मामले में उचित कार्रवाई एवं वेतन कटौती की जांच की मांग की.

सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि उन्होंने पूरे महीने नियमित रूप से अपनी सेवाएं दीं और उनकी उपस्थिति भी



100 प्रतिशत रही. इसके बावजूद कटौती कर दी गई. कर्मचारियों का कहना है कि जब उन्होंने बैंक खाते में जमा हुई राशि की जानकारी देखी तो उन्हें वास्तविक वेतन से काफी कम भुगतान मिला. त्योहार के ठीक पहले वेतन में इस तरह की कटौती होने से उनके सामने आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है.

कर्मचारियों ने अपने वेतन की जानकारी देते हुए बताया कि लाडबाई को 1900 रुपए, रेशमबाई को 4600 रुपए, रीनाबाई को 2000 रुपए, कृष्णाबाई को 2000 रुपए, सुशीला बाई को 2300 रुपए, ममताबाई को 4000 रुपए, रेखाबाई को 5000 रुपए, मनोहर को 2000 रुपए और अरविंद को 3700 रुपए का भुगतान हुआ है. कर्मचारियों का कहना है कि इतनी कम राशि में परिवार का खर्च चलाना और दीपावली का त्योहार मनाना मुश्किल हो गया है.

त्योहार पर आर्थिक संकट

सफाई कर्मचारियों का कहना है कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है. वे नियमित रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, इसके बावजूद वेतन में कटौती होना उनके साथ अन्याय है. कर्मचारियों ने प्रभारी को दिए आवेदन में उपस्थिति रजिस्टर और वेतन भुगतान का मिलान कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने तथा काटी गई राशि का भुगतान कराने की मांग की है.